कक्षा 5 पाठ 5 बातचीत का असली मजा
(प्रश्न १) सही उत्तर के सामने सही का निशान लगाइए-
क-बातचीत करते समय कैसा उदाहरण देना चाहिए?
छोटा और सटीक उदाहरण✓
ख-आज किस चीज की कमी है?
समय की✓
ग-कौन सी बात सही है?
अपनी जबान को नियंत्रित रखें✓
घ-बातचीत कब सार्थक होती है?
जब दोनों व्यक्ति बारी-बारी से बोले✓
ङ-असभ्यता क्या है?
कसमें खाना✓
(प्रश्न २) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-
क-दूसरों का हाथ पकड़ने से पहले अपनी जबान को पकड़ो।
ख-बातचीत दो तरफा रास्ता है।
ग-बातचीत के दौरान अक्सर लोगों के बीच बहस भी हो जाती है।
घ-झूठी नम्रता दिखाना ठीक नहीं है।
ङ-बातचीत सौम्य और शालीन ढंग से करनी चाहिए
(३) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो-
क-बातचीत में जबान को छूट देने से क्या नुकसान हो सकता है?
उत्तर-बातचीत में जबान को छूट देने से बात बिगड़ सकती है ।अगर हम कम बात करेंगे तो लोगों को नाराज भी नहीं करेंगे और ना उन्हें उकताएॅंगे।
ख-हमें अपनी बात संक्षेप में कहने की आदत होनी चाहिए ।क्यों?
उत्तर-हम सभी जानते हैं कि आज अगर किसी चीज की कमी है तो वह है समय और अगर हम अपनी बात संक्षेप में नहीं करेंगे तो लोग हमें बोर कहेंगे और हमसे दूर भागने का प्रयास करेंगे।
ग-कैसे लोगों को बोर कहा जाता है?
उत्तर-ऐसे लोगों को जो अपनी बातों को खींचकर लंबा कर देते हैं उन्हें बोर कहा जाता है।
घ-किसी बातूनी से पाला पड़ जाने पर क्या करना चाहिए?
उत्तर-किसी बातूनी से पाला पड़ जाने पर हमें उसकी बात को ध्यान से सुनना चाहिए और अगर ध्यान से सुन नहीं सकते तो सुनने का अभिनय करना चाहिए।
भाषा से
(प्रश्न १) नीचे दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए-
क-कम बोलने वाला। अल्प भाषी
ख-अधिक खाने वाला। पेटू
ग-अधिक बोलने वाला। वाचाल
घ-कम जानने वाला। अल्पज्ञ
ङ-कम खाने वाला। अल्पाहारी
च-सब कुछ जानने वाला।सर्वज्ञ
प्रश्न २-नीचे दिए गए शब्दों में अ अथवा कु जोड़कर इनके विलोम शब्द बनाइए-
विश्वास×अविश्वास।           संस्कारी×कु संस्कारी
नियमित×अनियमित।       प्रकट×अप्रकट
पुत्र×कुपुत्र।                    संगति×कुसंगति
रुचि×अरुचि।                  रीति×कुरीति

प्रश्न ३-नीचे दिए गए वाक्यों को उपयुक्त योजक लगाकर जोड़िए-
क-मैंने अपना कोट उतारा।
मैंने भिखारी को दे दिया।
उत्तर-मैंने अपना कोट उतारा और भिखारी को दे दिया।
ख-चुगल खोरी से बचना चाहिए।
दूसरों की निंदा से भी बचना चाहिए।
उत्तर-चुगल खोरी और दूसरों की निंदा से बचना चाहिए।
ग-बातचीत अवश्य करो।
बातचीत लंबी न हो।
उत्तर-बातचीत अवश्य करो लेकिन लंबी ना हो।